# संपादक के नोट

प्रभु की स्तुति हो। सभी को एक नया साल मुबारक हो। हमारा अच्छा प्रभु तुम्हें आशीष दें और आने वाले नए साल भर में उसके सर्वशक्तिमान और सुरक्षित पंखों के नीचे तुम सभी को रखें। मैं प्रार्थना करती हूँ कि इस साल में अपने जीवन को प्रभु फलदायक बनाएँ। तो इस साल हम हमारे प्रभु को रोज पुकारेंगे और हमारे हाथों को उसकी ओर फैलाएंगे। प्रभु के साथ हमेशा चलने से हमारा जीवन आनंदभरा और खुश हो जाता है। राजा दाऊद **भजन संहिता ६८रू१९** में कहता है – **धन्य हो प्रभु, जो प्रतिदिन हमारा बोझ उठाता है, परमेश्वर, जो हमारा उद्धार है। सेला** हम रोज ले रहे हर सांस हमारे प्रभु से एक भेंट है। **विलापगीत ३रू२२–२३ – यहोवा की करूणा के कारण हम मिट नहीं गए, उसकी दया तो अनन्त है। प्रति भोर वह नई होती रहती है; तरी सच्चाई महान है।**

इसलिए उसके अनुग्रह का स्मरण करो और उसकी स्तुति करो।

प्रभु ने यहोशू की ओर देखा और **यहोशू १रू८** में कहा – **व्यवस्था की यह पुस्तक तेरे मुंह से कभी दूर न हो परन्तु इस पर दिन–रात ध्यान करते रहना जिस से तू उसमें लिखी हुई बातों के अनुसार आचरण करने के लिए सावधान रह सके। तब तू अपने मार्ग को सफल बना सकेगा और सफलता प्राप्त करेगा।**

हर रोज़ अगर हम पवित्र–शास्त्र के पांच अध्याय पढ़ लें तो एक साल में हम पवित्र–शास्त्र पूरा पढ़ सकते हैं। एक विजयी जीवन का रहस्य यह है कि हम हर रोज प्रार्थना करें और हमारे आंतरिक मनुष्य को मज़बूत बनाए। इसलिए हमेशा प्रार्थना करते रहो। **इफिसियों ६रू१८ – प्रत्येक विनती और निवेदन सहित पवित्र आत्मा में निरन्तर प्रार्थना करते रहो। और यह ध्यान रखते हुए सतर्क रहो कि यत्न सहित सब पवित्र लोगों के लिए लगातार प्रार्थना करो।**

पवित्र–शास्त्र हमें लगातार प्रार्थना करने के लिए कहता है, **१ थिस्सलुनीकियों ५रू१७ – निरन्तर प्रार्थना करो।**

**भजन संहिता ६१रू८ – इस प्रकार मैं सर्वदा तेरे नाम का भजन गा–गाकर अपनी मन्नतें प्रतिदिन पूरी किया करूंगा।**

मेरे प्रिय भाइयों और बहनों – अपने बीते जीवन के बारे में चिंता मत करो। तुम्हारे पाप चाहे लाल रंग के हों, तौ भी वे हिम के समान श्वेत हो जाएंगे; चाहे वे किरमिजी लाल ही क्यों न हों, वे ऊन के समान उजले हो जाएंगे। यह परमेश्वर का वादा है। **२ कुरिन्थियों ५रू१७ – इसलिए यदि कोई**

**मसीह में है तो वह नई सृष्टि है। पुरानी बातें बीत गई। देखो नई बातें आ गई हैं।**

भूलो नहीं कि तुम प्रभु में एक नई सृष्टि हो, तुम राजाओं के राजा के बच्चे हो! **यिर्मयाह ३१रू३१ – देखो ऐसे दिन आनेवाले हैं, यहोवा की यह वाणी हैं, जब मैं इस्राएल के घराने और यहूदा के घराने से एक नई वाचा बान्धूंगा।**

प्रेरित पौलुस आनन्द से **२ कुरिन्थियों ३रू६** में लिखता है – **जिसने हमें नई वाचा के सेवक होने के योग्य बनाया, अक्षर की वाचा नहीं परन्तु आत्मा की, क्योंकि अक्षर तो मारता है, परन्तु आत्मा जिलाता है।**

इसलिए अति–प्रियों, हम में येशु के लहू के द्वारा एक नए जीवित मार्ग से पवित्र स्थान में प्रवेश करने का साहस हो। जो उसने परदे अर्थात अपनी देह के द्वारा हमारे लिए खोल दिया है। क्या ही धन्य हैं वे जो चाल के खरे हैं, और यहोवा की व्यवस्था पर चलते हैं।

इस के लिए, केवल येशु ही मार्ग है। **यूहन्ना १४रू६ – येशु ने उस से कहा, मार्ग, सत्य और जीवन मैं ही हूँ। बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता।**

प्रभु हमे जीवन का मार्ग दिखाएगा। **भजन संहिता १६रू११ – तू मुझे जीवन का मार्ग दिखाएगा, तेरी उपस्थिति में आनन्द की भरपूरी है; सर्वदा बना रहता है।**

मैं प्रार्थना करती हूँ कि तुम नए मनुष्यत्व को पहेन लो, जो परमेश्वर के अनुसार बनाया गया था, सच्चे धार्मिकता और पवित्रता में। इस आनेवाले साल में, हम वैसे प्रार्थना करे जैसे दाऊद ने **भजन संहिता १८रू२८** में किया – **क्योंकि तू ही मेरा दीपक जलाता है, मेरा परमेश्वर यहोवा मेरे अनधियारे को उजियाला कर देता है।**

इस आनेवाले साल में, येशु की ज्योति हम में से हर एक में चमके, ताकि तुम और तुम्हारे परिवार आशीषित होएँ।

फिर मिलने तक।

**पास्टर सरोजा म.**

# बनालो येशु को तुम्हारा पहला प्यार।

प्रभु ने सभी मामलों में हमें विजय दिया है और हमें उसका उद्धार दिया है। हमारे जीवन में जो कुछ भी कठिनाई, दुख या बीमारी हो, प्रभु सुनेगा और हमारे पुकार का जवाब देगा। उसने जो कुछ किया है उसे स्मरण करके हमें हमारे दिलों को खोलना है और आनन्द से उसका प्रशंसा करना है। पवित्र शास्त्र **सपन्याह ३रू१७** में कहता है – **यहोवा तेरा परमेश्वर तेरे मध्य है, वह बचानेवाला पराक्रमी यहोवा है। वह तेरे कारण हर्षित होगा, वह अपने प्रेम के कारण चुप रहेगा, वह हर्ष से जयजयकार करता हुआ तेरे कारण आननदित होगा।** हाल्लेलुयाह! हमें आनंद से प्रभु कि स्तुति करना है ताकि प्रभु प्रसन्न हो और हमारे घरों और हमारे कलिस्याओं में हमारे साथ रहे। इसलिए आने वाले वर्ष में जीत पाने के लिए, जो कुछ भी हम करते हैं, हमें अपने परमेश्वर को पहला स्थान देना है। प्रभु को हमारे जीवन में, हमारे बातों से और हमारे कार्यों से प्रसन्न होना है। दो लोग अगर एकता में न हो तो वे साथ नहीं चल सकते हैं। दो परिवार अगर एकता में न हो, तो वे खुशी से नहीं रह सकते हैं। यह महत्त्वपूर्ण है कि हर काम में एकता हो। अगर हम अपने जीवन में परमेश्वर के साथ एकता में हैं, तो हमारे घर और हमारे परिवार में प्रभु आनंद से हमारे साथ होगा। जब प्रभु हमारे साथ खुश हैं तब हमें उसका आनंद और शांति प्राप्त होगा। पवित्र शास्त्र **लूका १२रू३१** में कहता है – **अत : उसके राज्य की खोज करो और ये वस्तुएं भी तुम्हें दे दी जाएंगी।** ऊपर दिया गया वचन कहता है, जब हम परमेश्वर के राज्य को खोजेंगे, हमें अपने जीवन में सब कुछ प्राप्त होगा। हमें किन चीज़ों कि आव्यशकता है? क्या वह शक्ति, बुद्धि, ज्ञान, धन, खुशी, सुख और उद्धार है? आप अपने जीवन में सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं जब हम परमेश्वर के राज्य को खोजने कि शुरूआत करते हैं। इस आने वाले वर्ष में, हमें हमारे प्रभु के लिए पहला स्थान देना हैं और हर सुबह हमें उसके राज्य, उसके उपस्थिति और उसे तलाश करना हैं। जब हम प्रार्थना में लगातार उसे तलाश करते हैं तब उसका चेहरा हमारी आंखों के सामने आता है। हर सुबह उससे कहो कि उसके चेहरे और उसकी उपस्थिति को देखने के बाद आप दिन की शुरुआत करना चाहते हैं। यह एक महीने दो महीने या उससे अधिक समय लग सकता है, लेकिन साल के अंत तक आप उसकी उपस्थिति देखेंगे। हर दिन तुम्हें चूके बिना पूछना चाहिए। पूछते रहो और प्रभु मना नहीं करेगा। हर रोज तुम्हें उसके राज्य की तलाश करना चाहिए और एक दिन तुम्हें राज्य मिल जाएगा। मैंने राज्य को

पाया है। मैं इस सेविकाय में नई आई थी पर यहाँ आने से पहले मैं एक मूर्ति पूजक थी। जीवन भर मूर्तियों को देखकर, हर समय जब मैं प्रार्थना करती, मैं मूर्तियों के चहरों को देखती। उस समय रैली के समय, मैं अपने आँखे खोलती और दीवार पर लगी अंतिम भोज के तस्वीर को देखकर प्रार्थना करती। कई दिनों के बाद, मैंने परमेश्वर के राज्य को प्राप्त किया। इस नए वर्ष में प्रभु की खोज करो। राज्य की तलाश करो और तुम निश्चित रूप से उसे अपने जीवन में पाओगे। एक बार तुम उसे अपने जीवन में पाओगे फिर तुम के जीवन मे कोई कमी नहीं होगी। प्रभु इस तरीके से तुम्हें आशीष दे सकता है कि आशीष रखने के लिए कोई जगह नहीं होगी क्योंकि स्वर्ग और पृथ्वी उसके हैं। सब कुछ उसी का हैं। वह तुम्हारे हाथों में सभी चीजें डाल सकता है। वह शक्तिशाली और अद्‌भुत परमेश्वर है। हमने नए साल में प्रवेश किया हैं। हमें निर्णय लेना है ‘इस वर्ष मैं तुम्हारे राज्य की तलाश करूँगा’ और निश्चित रूप से तुम को मिल जाएगा। अगर वह पाया नहीं जा सकता तो प्रभु नहीं कहता जैसे **लूका १२रू३१** में कहा। वह एक आदमी नहीं है कि झूठ बोले। हमारा परमेश्वर राजाओं का राजा है। उसका वचन सत्य है। अगर हम इस वर्ष उसे तलाश करते हैं तो हम निश्चित रूप से हमारे जीवन में उसके राज्य को पाएँगे। हर दिन सुबह जल्दी अगर हम स्तुतियों के साथ आनन्द से उसे खोजते है तो निश्चित रूप से हम उसे पाएँगे। पवित्र शास्त्र **१शमूएल २रू३०** कहता है – **इसलिए इस्राएल का यहोवा परमेश्वर यों कहता है: मैंने कहा तो था कि तेरे पिता के घराने सर्वदा मेरे सम्मुख चला करेंगे, परन्तु यहोवा अब यह कहता है, ‘यह मुझ से दूर हो, क्योंकि जो मेरा आदर करें मैं उनका आदर करूँगा, और जो मेरा तिरस्कार करते हैं वे छोटे समझे जाएंगे।** प्रभु अपना उद्धार सब को देता है। वह हर किसी से प्यार करता है इस कारण से वह इस दुनिया में एक मनुष्य के रूप में आया। तो जब हम प्यार दिखाते और उसे खोजते  तो निश्चित रूप से हम अपने जीवन में उसके प्यार और उद्धार को पाते हैं। जब हम उसका खोज नहीं करते, तो हम अपने जीवन में कई बार गिरते हैं। इसलिए हर दिन हमें उसे खोजना है। प्रभु के बिना हमारा कोई मूल्य नहीं है, हमारा मूल्य शून्य है। लेकिन जब प्रभु इस शून्य के बगल में है तब मूल्य संख्या १० हो जाता है। इसलिए हमे संख्या १ को खोजना है। प्रेरित इस संख्या १ के बारे में **यूहन्ना १७रू३** में बताया है – **और अनन्त जीवन यह है कि वे तुझे जो एकमात्र सच्चा परमेश्वर है और येशु मसीह को जानें जिसे तू ने भेजा है।** जब हम हमारे परमेश्वर को जानेंगे, तब हम हमारे जीवन में संख्या १० बन सकते हैं। जब प्रभु हमारे संग नहीं तब सबकुछ हमारे जीवन में ‘०’ हो जाता है। इसलिए

जब सच्चा परमेश्वर, येशु मसीह जो पिता द्वारा भेजा गया जब शून्य के साथ है, तब शून्य का मूल्य १० हो जाता है। प्रभु को हर रोज खुश रखने के लिए, हमारे जीवन में स्तुति और प्रार्थना होना चाहिए। तब प्रभु हमारे साथ बंधे रहेगा और हमारे जीवन में खुशी, शांति और सुख हमेशा के लिए होगा। जब इस्राएली परमेश्वर कि स्तुति कर रहे थे और कनानियों के विरूद्ध युद्ध करने की तैयारी कर रहे थे, उन्होंने प्रभु से पूछा कौन जाएगा कनानीयों के खिलाफ लड़ने के लिए और लड़ाई मे जीतने के लिए। प्रभु ने उन्हें यहूदा को भेजने को कहा। हम इसे पढ़ सकते है **यहूदा १रू१–२** में **– येशु मसीह के दास और याकूब के भाई यहूदा की ओर से उन बुलाए हुओं के नाम जो परमेश्वर पिता में प्रिय तथा येशु मसीह के लिए सुरक्षित हैंः तुम्हें दया, शानति और प्रेम बहुतायत से प्राप्त होता रहे।** इस्राएलियों का यह युद्ध जीतना ज़रूरी था, लेकिन पहले कौन जाता और इस्राएलियों का नेतृत्व करता। प्रभु ने उन्हें उत्तर दिया कि विजय पाने के लिए और उस देश में खुशी से जीने के लिए वे यहूदा को भेजे। इस्राएल में बारह गोत्र थे, तो फिर परमेश्वर ने यहूदा गोत्र को क्यों चुना। अब यहुदा का मतलब स्तुति है। प्रभु अपने लोगों के स्तुतियों से प्रसन्न है। प्रभु प्रसन्न है जब हम उसे धन्यवाद देते हैं, स्तुति करते, उसकी गवाही बनते, भरोसा करते और उससे प्यार करते हैं। हमारे दिलों में प्यार के बिना हम उसकी स्तुति नहीं कर सकते। अगर हमें उस पर विश्वास नहीं है, तो फिर हम उसकी स्तुति नहीं कर सकते। जब हम उसकी स्तुति हमारे सम्पूर्ण प्यार और विश्वास के साथ करते हैं तब हम युद्ध में विजय प्राप्त कर सकते हैं। हम पवित्र शास्त्र में लिआ नामक महिला का उदाहरण देखते हैं। उसे परमेश्वर की स्तुति के माध्यम से जीत मिली। वह देखने में सुंदर नहीं थी और भेंगी थी। उसके पति ने उसकी बहन से शादी की और उसे तुच्छ जाना। वहाँ उसे प्यार करने वाला और सुनने वाला कोई नहीं था। वह अपने पति के लिए किसी भी प्रकार का सेवा करने के लिए तैयार थी। उसका एक पुत्र था जिसका नाम रूबेन था। उसने सोचा कि उस के बाद उसका पति उससे और बच्चे के साथ खुश होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसे एक और पुत्र हुआ और अब उसने सोचा कि जब वे दो बच्चें एक साथ खेलेंगे, उसका पति उन्हें देखकर खुश होगा और उससे भी खुश होगा। लेकिन उसके बाद भी उसका पति उसे प्यार नहीं करता था। तीसरे पुत्र होने पर भी उसका पति उससे प्यार नहीं करता था। वह बहुत दुखी और परेशान थी। कईयों ने उसे अपमानित किया। यह वह समय था जब उसने सोचा की वह परमेश्वर कि स्तुति करेगी। फिर उसने परिवार के प्रेम को छोड़ दिया और परमेश्वर की स्तुति करना शुरू कर दिया। उसके बाद उसे एक पुत्र

हुआ जिसे यहूदा बुलाया गया और प्रभु येशु इसी गोत्र के माध्यम से आया था। फिर उसने शांति, खुशी और सुख प्राप्त किया। इसलिए यहाँ हम देखते हैं कि स्तुति लिआ कि ओर से आया, हमें सिखाने के लिए की हमारे प्रभु को खुश रखे। पवित्र शास्त्र **उत्पत्ति २९रू३२** में कहता है – **अतः लिआ गर्भवती हुई और उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उसने यह कहकर उसका नाम रूबेन रखा, ‘यहोवा ने तो मेरे दुख पर दृष्टि की है, अब निश्चय ही मेरा पति मुझ से प्रेम करेगा।’** यह सब यातनाओं के बाद भी, जब उसे बच्चा मिला, उसने सोचा कि उसका पति उससे प्यार करेगा और बच्चे को रूबेन नाम दिया। लेकिन उसे अपने जीवन में प्यार, खुशी और शांति नहीं मिला। हम पढ़े **उत्पत्ति** २९रू३३ – **तब वह पुनः गर्भवती हुई और उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। उसने कहा, ‘यहोवा ने तो यह सुनकर कि मैं अप्रिय हुई हूँ, मुझे यह पुत्र भी दिया है।’ अतः उसने उसका नाम शमौन रखा।** दूसरा बच्चा पाने पर उसने उम्मीद कि के उसका परिवार और उसका पति उससे प्यार करेगा और उसने पुत्र का नाम शमौन रखा। इस में भी वह असफल रही। हम दिखावे में सब अलग अलग हैं, अपने रंग और हमारे ऊंचाई में, यह हमारी गलती नहीं है। इसी प्रकार लिआ देखने में सुंदर नहीं थी, और भेंगी थी, यह उसकी गलती नहीं थी। अपने ज्ञान में वह बार बार उसके परिवार के साथ खुश रहने के लिए खुद को तैयार कर रहा थी। दूसरे बच्चे को प्राप्त करने के बाद भी वह असफल रही। हम पढ़े **उत्पत्ति २९रू३४** – **वह फिर गर्भवती हुई और उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। तब उसने कहा, ‘अब तो मेरे पति की लगन मुझ से लगेगी क्योंकि उस से मेरे तीन पुत्र उत्पन्न हुए।’** इसलिए उसका नाम लेवी रखा गया। वह उसके दिल में बहुत दुखी थी क्योंकि उसका पति उसकी बहन से बहुत प्यार करता था। तीसरा बच्चा पाने के बाद यह सोचकर कि उसे परमेश्वर कि सेवा में देगी, उसने उसे लेवी बुलाया। इसके बाद भी उसके जीवन में समस्याएँ जारी रहे। तीन बच्चों के बाद, वह अभी भी उसके जीवन में दुःखी थी। पवित्र शास्त्र **उत्पत्ति २९रू३५** में कहता है – **वह पुनः गर्भवती हुई और उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ। तब उसने कहा, ‘इस बार मैं यहोवा की स्तुति करूंगी।’ अतः उसने उसका नाम यहूदा रखा। फिर उसकी कोक बन्द हो गई।** अब हम जानते है कि यहूदा गोत्र एक गोत्र है जो परमेश्वर कि स्तुति करता हैं।

प्रभु आपके जीवन में महान और शक्तिशाली काम कर सकता है। ऐसा कुछ नहीं है जो वह कर नहीं सकता। अगर आपके पास परमेश्वर के लिए सच्चा प्यार है, तो वह निश्चित रूप से आपको राज्य दिखाएगा। लेकिन पहला चीज़

जो आपको करना है वह यह है कि अपना जीवन उसके हाथों में दे दों। पवित्र शास्त्र **नीतिवचन ३रू९–१०** में कहता है – – **अपनी सारी उपज के प्रथम फल से तथा अपनी सम्पत्ति के द्वारा यहोवा का आदर करना। तब तेरे भण्डार बहुतायत से भरे रहेंगे, और तेरे कुण्ड नए दाखरस से उमण्डते रहेंगे।** यह महत्त्वपूर्ण है कि हम प्रभु को सबकुछ जो हमारे जीवन में अर्जित किया है दे दे। तो **नीतिवचन ३रू१०** आज भी हमारे जीवन में होगा। उसका प्यार, उद्धार और आशीषों का अतिप्रवाह होगा। यह सबकुछ प्रभु हम में से हर एक को देना चाहता है। जब एलिय्याह सारपत की विधवा के घर गया उसने अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए कुछ नहीं पूछा, लेकिन क्या उसने कहा वह प्रभु का आदेश था। प्रभु के आदेश को वहाँ पूरा किया जाना था। हम पढ़े **१ राजा १७रू१३** में क्या उसने विधवा से कहा – **तब एलिय्याह ने उस से कहा, ष्मत डर, जाकर अपनी बात के अनुसार कर, परन्तु उसमें से पहले मेरे लिए एक छोटी–सी रोटी बना कर मेरे पास ले आ, फिर इसके बाद अपने और अपने बेटे के लिए बनाना।** एलिय्याह ने यह सब प्रभु के आदेश के अनुसार कहा और विधवा ने एक बड़ा आशिष पाया जब उसने नबी के आज्ञा का पालन किया, जैसे लिखा गया है **१ राजा १७रू१४–१६** – **क्योंकि इस्राएल का परमेश्वर यहोवा यों कहता है, ष्जब तक यहोवा भूमि पर मेंह न बरसाएगा तब तक न तो उस घड़े का आटा समाप्त होगा और न उस कुप्पी का तेल घ टेगाष्। अतः उसने जाकर एलिय्याह के वचन के अनुसार किया। तब से एलिय्याह और उस स्त्री के घराने के लोग बहुत दिन तक खाते रहे। यहोवा के उस वचन के अनुसार जो उसने एलिय्याह के द्वारा कहा था न तो उस घ ड़े का आटा समाप्त हुआ और न उस कुप्पी का तेल घटा।** वह विधवा उस आखिरी भोजन को खाकर मरने के लिए तैयारी कर रही थी। लेकिन प्रभु के आदेश के अनुसार एलिय्याह ने पहले उसे रोटी बनाने के लिए कहा। उसने बात मानी और उसे कई दिनों तक खाने के लिए प्रभु ने स्वर्गीय दरवाजा खोला। यह हमारा परमेश्वर है। यह महत्त्वपूर्ण है कि हम उसे अपने जीवन में और हर काम में जो हम करते हैं, पहला स्थान दे। अगर हम अपने कान में हर शब्द सुनेंगे, हमारी आंखों के साथ हर वचन पढ़ेंगे और हमारे हृदय में रखेंगे, तो हम आशिष के एक पात्र बन जाएंगे। उसने बात मानी और आशिष उन पर था, कई दिनों तक खाने के लिए। एलिय्याह ने रोटी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं मांगा पर यह प्रभु का आदेश था जो पुरा होना था **गिनती १५रू२०** के अनुसार – अपने पहले गुंधे हुए आटे की एक रोटी उठाने की भेंट के रूप में चढ़ाना। खलिहान की उठाई हुई भेंट पीढ़ी से पीढ़ी तक चढ़ाया करना। प्रभु उसकी आज्ञाओं को नहीं तोड़ेगा। इस आज्ञा के अनुसार

नबी ने रोटी के पहले हिस्से के लिए विधवा को कहा। उसने इस आदेश के अनुसार नबी को दे दिया और प्रभु ने कई दिनों तक खाने के लिए उन्हें आशिष दिया। जब हम प्रभु को पहला स्थान देते है फिर जब उसकी आँखें हम पर हमेशा लगी रहती है। यह दुनिया, आपके पड़ोसियाँ और आपका परिवार आपके दिल को देखें या ना देखे, लेकिन प्रभु निश्चित रूप से आपके दिल को देखेगा। उस के अनुसार वह आपके जीवन में उसका काम करेगा। प्रभु के सामने हमें प्रिय बनना हैं। यह महत्त्वपूर्ण है की हम उसे और उसके प्यार को तलाश करे। जब हमारे दिल में यह प्यार है और हम हमारी ज़रूरत के समय उसे पुकारते हैं, फिर वह सुनता है और हमें जवाब देता है। हम यह नहीं कह सकते कि हमें किसी भी समस्याओं का सामना नहीं होगा। इसमें हमेशा खुशी और सुख नहीं होगा। कई समस्याएं होंगी, लेकिन इन सब चीज़ों में परमेश्वर हमें जीत देगा। कल के बारे में प्रभु जानता है। हमारे सभी दुखों, आँसूओं और कठिनाइयों में वह हमें जीत देता है। पवित्र शास्त्र **यूहन्ना १६रू३३** में कहता है – **ये बातें मैंने तुमसे कही है, कि तुम मुझ में शान्ति पाओ। संसार में तुम्हें क्लेश होता है, परन्तु साहस रखो–मैंने संसार को जीत लिया है।** तो फिर युद्ध में शैतान हारा हुआ है और परमेश्वर विजयी है। हमें याद रखना है कि क्लेश तो होगा, पर प्रभु ने इन सब चीज़ों को जीत लिया है। जब हम उसके प्रिय बन जाते हैं तो फिर जीत हमारी ही है। पवित्र शास्त्र **निर्गमन २२रू२९** में कहता है – **अपने अन्न की फसल और अपने अंगूर की फसल में से मुझे कुछ देने में विलम्ब न करना।** अपने बेटों में से पहलौठे को मुझे देना। प्रभु हम से सबसे अच्छा चाहता है। हमारे बच्चों में से एक अच्छी तरह से अध्ययन नहीं करता है तो हम प्रभु की सेवा के लिए उसे भेजने को सोचते है, यह सही नहीं है। जैसे एक जोड़ी अपने पहले बच्चे के लिए प्रतीक्षा करता है, वे बहुत योजना करते हैं। वे बच्चे को अच्छी तरह से देखभाल करने के लिए आपस में चर्चा करते हैं, कि वे बच्चे को एक डॉक्टर बनाए, बच्चे को प्यार करे और जो कुछ बच्चा चाहता है, उसे दे। लेकिन तब प्रभु कहता हैं ॅमुझे वह बच्चा दोॅ। जैसे एलिय्याह ने विधवा से पूछा, तेरे पास क्या है, और उसने उत्तर दिया कि वह आखिरी भोजन करने के लिए तैयारी कर रही थी और फिर मर जाए। एलिय्याह ने पहला रोटी उसे देने को कहा। पहले जन्म हुए की खुशी के बीच प्रभु बच्चे के लिए पूछता है। लेकिन क्योंकि हमारे बच्चों में से एक झूठ बोलता है और शरारती है, हमें उसे बदलने के उम्मीद से बाइबिल क्लास में भेजने के बारे में सोचना नहीं चाहिए। प्रभु यह नहीं चाहता है। वह सबसे अच्छा चाहता है। यहां तक कि शुरू से ही हम देखते हैं प्रभु वह भाई से प्यार करता था जिसने सर्वश्रेष्ठ बलिदान लाया था।

हाबिल ने एक वर्ष के बाद सबसे उत्तम भेंट लाया, जबकि कैन छह महीने के बाद भूमि की उपज को खाया, और फिर भेंट लाया। प्रभु सब कुछ जानता है और वह उत्तम के लिए पूछता है। इसलिए हम प्रभु को क्या दे सकते हैं। हम प्रभु के लिए अपने आप को दे सकते हैं। हमें उससे कहना है, "प्रभु आपके बिना मैं कुछ भी नहीं हूँ, प्रभु आप मेरे जीवन में सबकुछ है। मेरी सांस, मेरा जीवन, खुशी और सब कुछ आप के द्वारा दिया गया है। आप सब कुछ है, आपने यह दिया है, प्रभु।" हम पढ़े **व्यवस्थाविवरण २६रू२–३ – तब जो देश तेरा परमेश्वर यहोवा तुझे देता है उसकी भूमि की सब प्रकार की पहली उपज जो तुम घर लाओगे उसमें से कुछ लेकर टोकरी में रखना और उस स्थान पर ले जाना जिसे तेरा परमेश्वर यहोवा अपना नाम बनाए रखने के लिए चुन लेगा। उन दिनों जो याजक हो उसके पास तू जाकर कहना, "मैं आज के दिन अपने परमेश्वर यहोवा के सामने यह घोषित करता हूँ कि जिस देश को देने के लिए यहोवा ने हमारे पूर्वजों से शपथ खाई थी उसमें मैंने प्रवेश कर लिया है।"** हमें जानना है कि हमें हर चीज़ों में पहला स्थान प्रभु को देना हैं। जब हम इस तरह से परमेश्वर को पहला स्थान देते हैं तब वह स्वर्गीय दरवाजा खोलेगा और हमें आशिष देगा, और उन आशिषों को रखने के लिए हमारे घर में कोई जगह नहीं होगा। हम अपने जीवन में उसके आशिष, शक्ति और खुशी को पाने के बाद, फिर हमें अपने परमेश्वर को कभी नहीं भूलना चाहिए। पवित्र शास्त्र में एक अद्‌भुत प्रार्थना है। हमें परमेश्वर का आशिष प्राप्त करने के बाद हर रोज हमारे हृदय में यह प्रार्थना करना चाहिए। हम यह प्रार्थना पढ़े **नीतिवचन ३०रू७–९** में – **मैंने तुझ से दो बातों की याचना की है – मेरे मरने से पहले मुझे देने से मुंह न मोड़ः धोखा और झूंठ दोनों को मुझ से दूर रख, मुझे न तो धन न निर्धनता दे। प्रतिदिन की रोटी मुझे खिलाया कर कहीं ऐसा न हो कि मैं तृप्त होकर तेरा इनकार करके कहूँ "यहोवा कौन है?" या मैं घटी में पड़कर चोरी करूं और अपने परमेश्वर का नाम कलंकित करूं।** हमारे दिल में प्रभु येशु को स्वीकार करने के बाद और जब हम उसे प्यार करते हैं, और हमारे जीवन में उसका आशिष प्राप्त करते हैं, तो हमारा मन, विचार और प्यार उसकी ओर बदलना नहीं चाहिए। व्यक्ति प्रार्थना करता है और दो अनुरोध रखता है ताकि प्रभु उसका उत्तर दे सके उसके मृत्यु के पहले। पहला, उसे संसार के व्यर्थता से दूर रखे और दूसरा उसे इस दुनिया के झूठ से दूर रखे। जब यह उससे दूर हैं तो बुराई उसके जीवन में कभी नहीं आएगा। जब हमारे जीवन में झूठ हो तो हम नष्ट हो जाएंगे। पवित्र शास्त्र हनन्याह के परिवार के बारे में बोलती है कैसे उन्होंने पतरस से झूठ बोला अपनी संपत्ति बेचने के बाद। उन्होंने परमेश्वर के मंदिर

में किसी को नुकसान नहीं किया, लेकिन उन्होंने परमेश्वर के मंदिर में पतरस से झूठ बात की उस संपत्ति के मूल्य के बारे में जो उन्होंने बेचा। उन्होंने कुछ पैसे छिपाकर रखा और मंदिर में आए और परमेश्वर की उपस्थिति में झूठ बोला। प्रभु ने उन्हें घर में छिपाए पैसे का आनंद लेने के लिए अनुमति नहीं दिया जो वे बाद में उपयोग करना चाहते थे। वे दोनों योजना बनाकर आए थे, और पहले पति की मृत्यु हो गई, और फिर पत्नी की। उद्धार प्राप्त करने के बाद और प्रभु से शांति मिलने पर, हमें प्रभु की उपस्थिति में झूठ बोलना नहीं चाहिए। यही ऊपर कि प्रार्थना है कि उसे झूठ से दूर रखे क्योंकि वह उसे विनाश कि ओर ला सकता है। वह प्रभु से अनुरोध करता है के उसे बचा ले, क्योंकि एक दिन यह उसे नष्ट कर सकता है।

हम नाबाल की कहानी को जानते है, कैसे उसने परमेश्वर से आशिष प्राप्त किया था। जब तक वह परमेश्वर के साथ था जो कुछ उसके पास था वह परमेश्वर द्वारा आशीषित किया गया था। समय आया जब परमेश्वर के दास ने नाबाल से मदद पूछा, लेकिन नाबाल परमेश्वर के दास द्वारा दी गई मदद को भूल गया और मदद की पेशकश नहीं की और नाबाल का नाश कर दिया गया। हमें जानना हैं कि हमारे जीवन में सब कुछ प्रभु द्वारा दिया गया है। इसलिए जब हम उसका धन्यवाद और काफी प्रशंसा नहीं करते हैं, तो प्रभु जानता है कैसे वापस लेना है जो उसने हमें दिया है। हमें समझना चाहिए कि सबकुछ जो हमारे जीवन में आता है, जीत और दु:ख सब परमेश्वर की इच्छा के अनुसार हैं। यह महत्त्वपूर्ण है की हम हमारे दिलों को खोले, और उसकी स्तुति करे, उस पर पूरा भरोसा करे और एक अच्छा जीवन व्यतीत करे। तो हर रोज हमारा जीवन खुशहाल हो सकता है।

हम केवल हमारे जीवन में परमेश्वर का उद्धार और इस दुनिया का कुछ नहीं चाहते हैं। प्रेरित पौलुस लिखता है **१ कुरिन्थियों ६रू१२** में – **सब वस्तुएं मेरे लिए उचित तो है, परन्तु सब वस्तुएं हितकर नहीं। सब वस्तुएं मेरे लिए उचित तो है, परन्तु मैं किसी वस्तु के अधीन न होऊंगा।** कुछ भी उसे परमेश्वर से प्यार करने को रोक नहीं सकता है। एक इच्छा हो सकती है जानने के लिए और कई चीजों को पाने के लिए, लेकिन कुछ भी उसके जीवन में प्रभु को पहली जगह देने से रोक सकता है। पवित्र शास्त्र **१ कुरिन्थियों १०रू२३** में कहता है – **सब वस्तुएं न्यायोचित तो हैं, परन्तु सब वस्तुएं लाभदायक नहीं। सब वस्तुएं न्यायोचित तो हैं, परन्तु सब वस्तुओं से उन्नति नहीं होती।**

हमें समझना हैं की, परमेश्वर का वचन सब कुछ दे सकता है हमारे जीवन में और सब कुछ कर सकता है हमारे जीवन में। इस पूरे वर्ष प्रभु हमारे साथ

था और हमें आशिष दिया और हमें शांति, खुशी दी है और यह भी के हमें हमारे दैनिक रोटी दी है। आने वाले वर्ष में भी अगर हम अपने पूरे दिल के साथ परमेश्वर से प्यार करते है और उसके राज्य को खोजते है, तो वह हमें हमारे जीवन में सब कुछ दे देगा। जो कुछ भी हमारी ज़रूरत है प्रभु उसे देने के लिए जानता है। हम उसके हाथों में हमारा आत्मा, प्राण और शरीर देना है और उसे हमारे जीवन में सिर बनाना है और फिर हम उसके कार्यों के गवाह होंगे, और हमारे जीवन में उसके आशिषों को प्राप्त कर सकेंगे।

**पास्टर सरोजा म.**